21/06/2025

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज दुनिया के विभिन्न हिस्सों में बढ़ते तनाव, अशांति और अस्थिरता के बीच योग शांति का मार्ग प्रस्तुत करता है और उन्होंने शांतिपूर्ण, संतुलित और टिकाऊ दुनिया को आगे बढ़ाने के लिए सामूहिक प्रयास का आह्वान किया। आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर समारोह को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इस वर्ष के योग दिवस की थीम, **'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग'** हमें याद दिलाती है कि कैसे दुनिया वर्तमान और भावी पीढ़ियों के लिए एक खुशहाल और स्वस्थ भविष्य सुनिश्चित करने के लिए एक साथ आती है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज देहरादून में पुलिस लाइन में आयोजित योग शिविर में भाग लिया। विश्व मंच पर योग को बढ़ावा देने में भारत की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि वैश्विक समुदाय अब योग के प्रति अधिक सम्मान रखता है तथा विभिन्न महाद्वीपों के लोग इसके लाभ उठा रहे हैं।

0000000000000000000000

राज्य में भी आज 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री पेमा खांडू, केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू, राज्य मंत्री केंतो जिनी और भारतीय सेना के जवानों ने तवांग जिले के दूरदराज के सीमावर्ती गांव चूना में योग दिवस समारोह में भाग लिया। श्री खांडू ने राज्य के सीमावर्ती क्षेत्रों के चुनौतीपूर्ण इलाकों और मौसम की स्थिति ले बवजूद भी योग को अपने कठोर दिनचर्या में शामिल करने के लिए भारतीय सेना के समर्पण की सराहना की।

उन्होंने युवाओं को लचीलापन बनाने और एकता को बढ़ावा देने के लिए योग को एक अभ्यास के रूप में अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। राजभवन ईटानगर में, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह का नेतृत्व राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी. परनाइक ने किया। इस अवसर पर, राज्यपाल ने आशा व्यक्त की कि यह दिन अधिक से अधिक व्यक्तियों को योग को अपने जीवन में शामिल करने के लिए प्रेरित करेगा। गृह मंत्री मामा नातुंग अपने सलाहकार मुचू मिथी और डीजीपी आनंद मोहन के साथ पुलिस प्रशिक्षण केंद्र (पीटीसी), बांदरदेवा में योग दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए। राजधानी में 6 किलो में योग संगम कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें शिक्षा मंत्री पीडी सोना और स्वास्थ्य मंत्री बियुराम वाहगे ने सैकड़ों लोगों के साथ भाग लिया। अरुणाचल प्रदेश विधानसभा ने भी विधानसभा परिसर में विशेष योग सत्र के साथ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया। सत्र में भाग लेते हुए, अध्यक्ष तेसाम पोंगटे ने कहा, योग एक शाश्वत अभ्यास है जो शरीर, मन और आत्मा का पोषण करता है।उपमुख्यमंत्री चाउना मेन ने भी नामसाई स्थित गोल्डन पगोडा में योग दिवस कार्यक्रम में भाग लिया।

0000000000000000000000

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने आतंकवादियों और उनके संरक्षकों को एक शक्तिशाली संदेश दिया है कि नया भारत अब आतंकवाद का शिकार नहीं होगा, बल्कि ताकत और रणनीति के साथ जवाब देगा।

कल जम्मू और कश्मीर के उधमपुर में उत्तरी कमान के सैनिकों के साथ बातचीत करते हुए, रक्षा मंत्री ने पाकिस्तान और पीओके में आतंकवादी बुनियादी ढांचे को नष्ट करने में सशस्त्र बलों और खुफिया एजेंसियों की सटीकता, समन्वय और साहस की सराहना की। रक्षा मंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर को केवल एक सैन्य कार्रवाई नहीं, बल्कि सीमा पार के आतंकवादियों और आतंकवाद का समर्थन करने वालों के लिए एक चेतावनी कहा।

0000000000000000000000

राज्य में महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के तहत राज्य के गृह मंत्री मामा नातुंग ने आज पुलिस प्रशिक्षण केंद्र (पीटीसी), बांदरदेवा में आयोजित 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर **पिंक पेट्रोलिंग** पहल के तहत सात पीसीआर वाहनों को हरी झंडी दिखाई। इन वाहनों को ईटानगर, जीरो, पासीघाट, तवांग, सेपा, आलो और तेजू के महिला पुलिस थानों में तैनात किया जाएगा। इस अवसर पर गृह मंत्री के सलाहकार मुचू मिथी और डीजीपी आनंद मोहन मौजूद थे।

0000000000000000000000

बागवानी विभाग ने एकीकृत बागवानी विकास मिशन (MIDH) योजना 2024-25 के तहत लोंगडिंग जिले के कानुबारी में उच्च मूल्य वाली बागवानी फसलों के लिए वैज्ञानिक खेती प्रशिक्षण के पहले चरण का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के तहत, कृषि मंत्री गेब्रियल डी. वांगसू ने क्षेत्र के 200 से अधिक किसानों को पौधे वितरित किए।

अपने संबोधन में उन्होंने लोंग टर्म आर्थिक लाभ के लिए किसानों द्वारा वैज्ञानिक कृषि पद्धतियों को अपनाने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा, "खेती लंबे समय तक स्थायी आय प्रदान करेगी और आत्मनिर्भर जीवन शैली में योगदान देगी।”

0000000000000000000000

नागालैंड लोक सेवा आयोग (एनपीएससी) का एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल, अध्यक्ष डब्ल्यू होन के नेतृत्व में, शुक्रवार को अरुणाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग (एपीपीएससी) के दो दिवसीय आधिकारिक दौरे पर है। इस दौरे का उद्देश्य भर्ती परीक्षाओं के संचालन और समग्र प्रशासनिक कामकाज में एपीपीएससी द्वारा अपनाई गई सर्वोत्तम प्रथाओं का अध्ययन करना है।

0000000000000000000000

और ईटानगर मौसम विभाग ने आज राज्य के 17 जिलों तवांग, ईस्ट कामेंग, वेस्ट कामेंग, पाके केसांग, पापुम पारे, कुरुंग कुमे, अपर सुबनसिरी, लोअर सुबनसिरी, ईस्ट कामेंग, वेस्ट कामेंग, लेपा रादा, अंजाव, लोहित, चांगलांग, नामसाई, तिराप और लोंगडिंग के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार इन जिलों में अगले 24 घंटों में अलग अलग स्थानों में ग़रज के साथ बिजली गीरने और तेज बारीश होने कि संभवना है।

0000000000000000000000